नांक 18 अप्रैल 2016 दिन सोमवार को पूर्वाहन 11.30 बजे विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयन्ती सभागार में सम्पन्न हुई मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की परीक्षा समिति की चतुर्थ बैठक की कार्यवृत्त :-

विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की चतुर्थ बैठक में निम्न द्वारा प्रतिभाग किया गया :-

| | | |
|---|---|---|
| 01 | प्रो0 ओकार सिंह, माननीय कुलपति<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर | अध्यक्ष |
| 02 | प्रो0 के0 जी0 उपाध्याय, अधिष्ठाता छात्र मामले<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर। | सदस्य |
| 03 | प्रो0 उदयशंकर, अधिष्ठाता, परा-स्नातक अध्ययन, शोध एवं विकास<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर। | सदस्य |
| 04 | प्रो0 सुनील कुमार श्रीवास्तव, अधिष्ठाता, स्नातक अध्ययन एवं उद्यमिता<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर। | सदस्य |
| 05 | प्रो0 एस0 एम0 अली जावेद, प्रोफेसर, जनपदीय अभि0 विभाग<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर। | सदस्य |
| 06 | डा0 अर्जुन दूबे, एसोसिएट प्रोफेसर, प्रयुक्त विज्ञान विभाग<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर। | सदस्य |
| 07 | श्री के0 पी0 सिंह, कुलसचिव,<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर। | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 08 | प्रो0 वी0 के0 गिरी, विद्युत अभि0 विभाग,<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर। | सचिव |

बैठक में विश्वविद्यालय परीक्षा समिति के निम्न माननीय सदस्य पूर्व सूचना देते हुए अपरिहार्य कारणों से प्रतिभाग नहीं कर सके :-

| | | |
|---|---|---|
| 01 | प्रो0 वी0के0 सिंह, प्रति कुलपति, डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्रा0 विवि0 लखनऊ एवं<br>प्रोफेसर गणित विभाग आई0ई0टी0 लखनऊ। | सदस्य |
| 02 | प्रो0 ए0 के0 सक्सेना, प्रोफेसर, विद्युत अभि0 विभाग<br>दयालवाग एजुकेशनल इन्स्टीट्यूट, दयालवाग, आगरा। | सदस्य |

**बैठक की कार्यवृत्त :-**

4.01 **विश्वविद्यालय की दिनांक 20 नवम्बर, 2015 को सम्पन्न हुई परीक्षा समिति की तृतीय बैठक की कार्यवृत्त की पुष्टि पर विचार।**

समिति द्वारा तृतीय बैठक की कार्यवृत्त का अवलोकन कर निम्न संशोधन कराते हुए तृतीय बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

मद संख्या 03.08 में अनुमोदित प्रोविजनल उपाधि प्रमाण-पत्र के प्रारूप के तलांश में Conversion Formula : Percentage : (%) of Marks = CGPA × 10 को मुद्रित किये जाने का निर्णय लिया गया। संशोधित प्रारूप संलग्न (संलग्नक-1)।

मद संख्या 03.09 द्वारा अनुमोदित उपाधि प्रमाण पत्र में निम्न सूचनाओं को उपाधि के पृष्ठ भाग पर मुद्रित किये जाने का निर्णय लिया गया :- (संलग्नक-2)

A - Conversion Formula :Percentage (%) of Marks = CGPA × 10
B - Medium of Instruction = English
C – Division Classfication Table

| | |
|---|---|
| First Division with Honors | CGPA 7.5 or above in first attempt in all consecutive semesters |
| First Division | CGPA 6.5 or above |
| Second Division | CGPA below 6.5 |

4.02 **परीक्षा समिति की दिनांक 20 नवम्बर, 2015 को सम्पन्न हुई तृतीय बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

परीक्षा समिति की तृतीय बैटक के निणर्यों पर कृत कार्यवाही से समिति अवगत हुई। मद संख्या 3.08 तथा 03.09 में अनुमोदित प्रोविजनल उपाधि प्रमाण पत्र व उपाधि के प्रारूप को क्रमशः उपरोक्त बिन्दु 04.01 के संशोधनों को समाहित किये जाने की समिति द्वारा सहमति प्रदान की गई।

4.03 **विश्वविद्यालय की परीक्षा की प्रगति आख्या।**

परीक्षा समिति द्वारा विश्वविद्यालय की शैक्षिक सत्र 2015-2016 आड सेमेस्टर में परीक्षा की प्रगति आख्या का अवलोकन किया गया तथा परीक्षाओं के सफलतापूर्वक आयोजित किये जाने पर संतोष व्यक्त किया गया। साथ ही प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा परिणाम में विलम्ब के कारणों पर विचार किया गया। परीक्षा नियन्त्रक द्वारा उक्त विलम्ब के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि विलम्ब साफ्टवेयर में पुराने एवं नये प्रवेशित छात्रों की Grade Conversion व्यवस्था के समाहित करने में समय लगने के कारण हुआ।

4.04 **विश्वविद्यालय द्वारा सम्पन कराई गई सत्र 2015-2016 (आड सेमेस्टर) परीक्षा में अनुचित साधन (UFM) के प्रयोग में पकड़े गये छात्रों के सम्बन्ध में विचार एवं अनुमोदन।**

समिति द्वारा सत्र 2015-2016 में यू0एफ0एम0 का कोई भी प्रकरण न प्राप्त होने पर संतोष व्यक्त किया गया। साथ ही केन्द्र अधीक्षक, कक्ष निरीक्षकों एवं उड़न दस्ता के सदस्यों को टेस्ट सहित समस्त परीक्षाओं में और सतर्कता बरतने के लिए सलाह दिये जाने की अपेक्षा की गई।

4.05 **विश्वविद्यालय द्वारा सम्पन्न कराई गई परीक्षा सत्र 2015 - 2016 (आड सेमेस्टर) के परीक्षा फल की सूचना एवं विश्लेषण ।**

समिति द्वारा परीक्षा फल के विश्लेषण का अध्ययन किया गया। आगामी सत्र में PRME (Promoted with Re-Major Examination) विषय की संख्या के आधार पर विश्लेषण किये जाने पर सहमति बनी। सम्यक विचारोपरान्त परीक्षा समिति द्वारा परीक्षा परिणाम के विस्तृत विश्लेषण हेतु परीक्षा नियन्त्रक की संस्तुति पर माननीय कुलपति महोदय के स्तर से एक "**परीक्षाफल विश्लेषण समिति**" गठित किये जाने की संस्तुति की गयी, उक्त **परीक्षाफल विश्लेषण समिति** "परीक्षा परिणामों के विभिन्न पहलुओं यथा उत्तीर्ण प्रतिशत, PRME आदि के कारणों एवं उनके निदान पर सुझाव प्रदान करेगी व उस पर विश्वविद्यालय स्तर से वांछित कार्यवाही करने की अपेक्षा की गई।

4.06 **दिनांक 03.03.2016 से 06.03.2016 के बीच में आयोजित पुराने पाठ्यक्रम की कैरीओवर की परीक्षा के सम्बन्ध में सूचना।**

समिति पुराने पाठ्यक्रम की कैरीओवर की परीक्षा से अवगत हुई।

4.07 **Board of Studies की संस्तुति उपरान्त पेपर सेटर्स की नियुक्ति की सूचना।**

समिति Board of Studies की संस्तुति उपरान्त पेपर सेटर्स की नियुक्ति की सूचना से अवगत हुई एवं यह अपेक्षा की कि भविष्य में समस्त अपरिहार्य परिवर्तनों के बाद वास्तविक पेपर सेटर्स का सम्पूर्ण विवरण प्रस्तुत किया जाय।

4.08 **प्रश्न पत्रों के माडरेशन हेतु माडरेटरर्स की नियुक्ति की सूचना।**

प्रश्नपत्रों के माडरेशन के सम्बन्ध में गहन विचार विमर्श के उपरान्त माडरेशन कार्य में गुणवत्ता बढ़ाये जाने के दृष्टिगत निम्नानुसार कार्यवाही किये जाने का निर्णय लिया गया :-

01) भविष्य में स्नातक एवं परास्नातक विषयों के माडरेशन पूर्व में घोषित विस्तृत कार्यक्रम के अनुसार अलग-अलग तिथियां में परीक्षा नियन्त्रक की संस्तुति पर माननीय कुलपति महोदय द्वारा नामित पृथक-पृथक समितियों द्वारा सम्पन्न कराये जायेंगे।

02) स्नातक स्तर के विषयों हेतु निम्न के अनुसार माडरेशन समिति निर्धारित की जायेगी :-

क - प्रयुक्त विज्ञान विभाग - विभागाध्यक्ष एवं सम्बन्धित विषय विशेषज्ञ।

ख - अन्य विभाग - विभागाध्यक्ष एवं दो विभागीय शिक्षक।

03) परास्नातक विषयों हेतु माडरेशन समिति में विभागाध्यक्ष एवं सम्बन्धित विषय विशेषज्ञ होंगे।

4.09 **विश्वविद्यालय की सत्र 2015-2016 इवेन सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 13.04.2016 से 16.04.2016 के बीच में आयोजित होने वाली परीक्षा कार्यक्रम पर विचार एवं अनुमोदन।**

समिति द्वारा सत्र 2015-2016 की प्रयोगात्मक परीक्षा कार्यक्रम का अवलोकन करते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया।

4.10 **विश्वविद्यालय की सत्र 2015-2016 इवेन सेमेस्टर की थ्योरी परीक्षा दिनांक 18.04.2016 से 03.05.2016 के बीच में आयोजित किया गया, परीक्षा कार्यक्रम पर विचार एवं अनुमोदन।**

समिति द्वारा सत्र 2015-2016 इवेन सेमेस्टर की लिखित परीक्षा कार्यक्रम का अवलोकन किया गया एवं परीक्षा कार्यक्रम पर अनुमोदन प्रदान किया गया। केन्द्रीय मूल्यांकन को गुणवत्ता परक एवं समयबद्ध रूप से कराये जाने के दृष्टिगत दिनांक 21.04.2016 से मूल्यांकन का कार्य प्रारम्भ किये जाने हेतु समस्त शिक्षकों को विश्वविद्यालय की वेबसाईट से परीक्षा कार्यक्रम का संज्ञान लेते हुए सम्बन्धित विषय की परीक्षा समाप्ति के उपरान्त मूल्यांकन कार्य शीघ्रातीशीघ्र प्रारम्भ कर सम्पन्न करने एवं मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकायें छात्रों को अवलोकित कराये जाने विषयक कार्यवाही परीक्षा नियन्त्रक स्तर से की जाने की अपेक्षा की गई।

4.11 **आड सेमेस्टर 2015-2016 में 75% से कम उपस्थिति होने के कारण परीक्षा से वंचित हुए छात्र-छात्राओं की सूचना ।**

समिति उपरोक्त सूचना से अवगत हुई। साथ ही यह भी अपेक्षा की गई कि छात्रों को न्यूनतम उपस्थिति की सीमा सम्बन्धी परामर्श दिये जाने की कार्यवाही संबन्धितों के माध्यम से की जाये।

4.12 **विश्वविद्यालय के प्रवेशित छात्रों के Grade Sheet पर प्रतिशत के सूत्र के प्रारूप को अंकित करने पर विचार एवं अनुमोदन।**

परीक्षा समिति द्वारा शैक्षणिक मामले समिति के निर्णयानुसार प्रस्तावित Grade Sheet के निचले भाग पर निम्न सूचना को मुद्रित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया : (संलग्नक - 3)

Conversion Formula : **Percentage (%) of Marks = CGPA × 10**

4.13 **विश्वविद्यालय के** Theory and Practical based Subjects **की प्रयोगात्मक परीक्षा के गुणवत्ता के दृष्टिगत** External Examiner **के स्थान पर प्रथम प्राथमिकता के रूप में उस विषय के जानकार अन्य विभिन्न विभागों के नियमित शिक्षक अथवा उपलब्ध न होने पर विभाग के ही नियमित शिक्षक को** Examiner **नामित करने पर विचार एवं अनुमोदन।**

परीक्षा नियन्त्रक द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि शैक्षणिक मामले समिति की संस्तुतियों पर Theory and Practical based Subjects की प्रयोगात्मक परीक्षा के गुणवत्ता के दृष्टिगत External Examiner के स्थान पर प्रथम प्राथमिकता के रूप में उस विषय के जानकार अन्य विभिन्न विभागों के नियमित शिक्षक अथवा उनके उपलब्ध न होने पर विषय को अध्यापित कराने वाले विभाग के ही आंतरिक परीक्षक से इतर अन्य नियमित शिक्षक को Examiner नामित करने की सम सेमेस्टर 2015-2016 से प्रभावी नयी व्यवस्था के प्रयोगात्मक परीक्षा की गुणवत्ता के सम्बन्ध में काफी सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुये है, जिस पर समिति के सभी सदस्यों द्वारा इस सकारात्मक प्रयास की सहमति प्रदान की गयी। समिति द्वारा आगामी सत्र 2016-2017 से सभी पाठ्यक्रमों (स्नातक एवं परा-स्नातक) में

संदर्भित विषयों पर इस व्यवस्था को प्रभावी किये जाने हेतु निर्णय लिया गया।

4.14 **प्रश्नपत्रों के Feedback एवं गुणवत्ता संबंधी विश्लेषण की सूचना।**

समिति द्वारा प्रश्नपत्रों की गुणवत्ता सम्बन्धी फीडबैक(On scale of 1 to 5) का अध्ययन किया गया एवं संबंधितों को इससे अवगत कराते हुये परीक्षा नियन्त्रक स्तर से निम्न अनुसार कार्यवाही किये जाने की अपेक्षा की गई :-

01 ऐसे प्रश्न पत्र जिनका Feedback Score 3 से 3.5 के मध्य है, के सम्बन्धित प्रश्न-पत्र निर्माता शिक्षकों को प्रश्न-पत्रों की गुणवत्ता सुधार हेतु सुझाव पत्र प्रेषित किया जाय।

02 ऐसे प्रश्न पत्र जिनका Feedback Score 2.5 से 3 के मध्य है, के प्रश्न-पत्र निर्माता शिक्षकों से प्रश्न-पत्रों की गुणवत्ता के सम्बन्ध में स्पष्टीकण प्राप्त किया जाय।

03 उक्त के साथ ही विश्वविद्यालय से बाह्य प्रश्न-पत्र निर्माताओं की दशा में माडरेशन समिति को भविष्य में गुणवत्ता बनाये रखने की सलाह दिये जाने की अपेक्षा की गई।

4.15 **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद।**

**क - एम0टेक0 Dissertation के अंकों को प्रदान करने हेतु प्रारूप पर विचार :-**

परीक्षा समिति द्वारा आर्डीनेन्स के प्राविधान्तर्गत एम0टेक0 Dissertation Examination के अंकों के अवाप्ति हेतु प्रारूप अधिष्ठाता परास्नातक अध्ययन, शोध एवं विकास द्वारा तैयार कर परीक्षा नियन्त्रक के माध्यम से माननीय कुलपति महोदय से अनुमोदन प्राप्त कर प्रभावी किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बैंठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापनोपरान्त समाप्त हुयी ।**

13/04/16

( प्रो0 वी0के0 गिरी )
सदस्य सचिव, परीक्षा समिति एवं
परीक्षा नियन्त्रक, म0मो0मा0 प्रौ0वि0वि0 गोरखपुर

अनुमोदित

18/4/16

( प्रो0 ओंकार सिंह )
अध्यक्ष, परीक्षा समिति एवं
कुलपति, म0मो0मा0 प्रौ0वि0वि0 गोरखपुर

संलग्नक - 1

# Madan Mohan Malaviya University of Technology
## Gorakhpur – 273 010, U.P. (India)

## Grade Sheet

B.Tech. Computer Science and Engineering

First Semester

Session : 2015-16

Photo

Serial No.YYS9999*

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Student Name | : | ABHAY KUMAR GOND | Status | : | Regular |
| Mother's Name | : | | Roll No | : | 2014021001 |
| Father's Name | : | SATYA PRAKASH | Enrollment No | : | 2014CSD0063 |

| S.No. | Subject Code | Subject Name | Credit/Audit | Course Credits | Grade | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | BAS-01 | Engineering Mathematics-I | Cr. | 4 | C | |
| 2. | BAS-02 | Engineering Physics-I | Cr. | 5 | B+ | |
| 3. | BAS-03 | Professional Communication | Cr. | 4 | B+ | |
| 4. | BCS-02 | Introduction to C & Functions | Cr. | 5 | C | |
| 5. | BCS-03 | Software Lab-I | Cr. | 2 | A | |
| 6. | BEE-01 | Principles of Electrical Engg. | Cr. | 5 | B | |
| 7. | BAS-05 | Environment & Ecology | Au. | 3 | AP | |
| 8. | GP | General Proficiency | | | | Excellent |
| 9. | | Attendance | | | | Good |

**Carry-Over Papers :**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | XXX | XXXXXXXXXXXXXXX | Cr. | 4 | B |

* YY – Year of Exam, S – Semester, 9999 – Serial no in increasing order starting from 0001

| Enrolled Subjects | | Registered Subjects | | Grade Points | SGPA | CGPA | Result |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Credits | Audit | Credits | Audit | | | | |
| 25 | 3 | 25 | 3 | | | | PASS |
| Subjects Not Passed | | | | | | | |

Conversion Formula : Percentage (%) of Marks = CGPA × 10

Prepared BY : Checked By : Result Declared on ............ Prepared on .......... Controller of Examination

18/4/16

Degree Serial No. / उपाधि क्रमांक 133548546

Enrollment No. / नामांकन संख्या 1565684654

Roll No. / अनुक्रमांक संख्या 445645154

Student Image

# MADAN MOHAN MALAVIYA UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
# मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

Gorakhpur (U.P.), India
गोरखपुर ( उ० प्र०), भारत

*Upon the recommendation of the University's Academic Council,*
*the University hereby confers the degree of*
***Bachelor of Business Administration***
*upon*
*AASTHA PATHAK S/D of Mrs. SHASHIBALA PATHAK & Mr. MURLI MANOHAR PATHAK*
*who has successfully completed the requirements prescribed by the University for the award of this degree in*
*First Division with Honors*
*in the year 2016.*

विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की अनुशंसा पर
आस्था पाठक सुपुत्र/सुपुत्री श्रीमती शशिबाला पाठक एवं श्री मुरली मनोहर पाठक
को बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की उपाधि
प्रथम श्रेणी में सम्मान-सहित
उनके द्वारा इस उपाधि की अवाप्ति हेतु
विश्वविद्यालय द्वारा विहित अपेक्षाओं को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर
एतद्द्वारा वर्ष 2016 में प्रदान की जाती है।

( Prof. Onkar Singh )
Vice - Chancellor
(प्रो० ओंकार सिंह)
कुलपति

Dated / दिनांक ................

AASTHA

*1565684654*

# MADAN MOHAN MALAVIYA UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
## GORAKHPUR, (U.P.) INDIA - 273010

Established by U.P. Act No. 22 of 2013 of U.P. Government
( Formerly Madan Mohan Malaviya Engineering College, Gorakhpur )

BAR CODE

Photograph

## PROVISIONAL DEGREE CERTIFICATE

Date of Issue : ________ Sr.No.________

| | |
|---|---|
| NAME | : |
| FATHER'S NAME | : |
| MOTHER'S NAME | : |
| ROLL NO. (Same as Reg. No.) | : |
| ENROLMENT NO. | : |
| NAME OF DEGREE | : |
| DURATION OF COURSE | : |
| BRANCH / SPECIALIZATION | : |
| YEAR OF PASSING | : |
| RESULT | : |
| C.G.P.A. (10 point scale) | : |
| DIVISION | : |
| MEDIUM OF INSTRUCTION | : |
| RESULT DECLARATION DATE | : |

**It is to certify that the aforesaid candidate has fulfilled all the requirements of the course for award of the Degree as detailed above.**

Controller of Examination

C.G.P.A. Calculation Formula

$$\text{C.G.P.A.} = \frac{\textit{Cumulative Points secured in all passed courses (A(+) to D Grade)}}{\textit{Cumulative total credits excluding audit courses}}$$

Conversion Formula : Percentage (%) of Marks = CGPA × 10

13/4/16